SJU Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 18 अप्रैल 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 197

# भारत मे कोरोना ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 24 घंटे में 2.34 लाख नए मरीज, 1341 की मौत

### » देश में सक्रीय मरीजों की संख्या में तेजी से हुआ इजाफा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना संक्रमण के मामले और मौतों की संख्या में जारी वृद्धि के चलते खौफनाक माहौल बना हुआ है। एक दिन में मिलने वाले संक्रमण के मरीजों का आंकड़ा शनिवार को सर्वाधिक रिकॉर्ड 2.34 लाख से अधिक रहा है और कोरोना से रिकॉर्ड 1,341 लोगों की जान चली गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि देश में बेकाबू हुई कोरोना वायरस की दूसरी लहर के प्रकोप ने अब तक के सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। कोरोना संक्रमण के चलते देशभर के



हालात भयावह हो गए हैं। कोरोना संक्रमण के मामले और मौतों की संख्या में जारी वृद्धि के चलते खौफनाक माहौल बना हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में सर्वाधिक रिकॉर्ड 2,34,692 नए कोरोना मरीज सामने आए हैं, इसी के साथ देश में संक्रमित मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 1,45,26,609 पहुंच गए हैं। वहीं बीते 24 घंटों में 1,341 लोगों ने कोरोना की वजह से दम तोड़ दिया, इसी के साथ कोविड से मरने वालों की संख्या 1,75,649 हो गई। महामारी के दस्तक देने से लेकर अब तक एक दिन में मिले नए कोरोना मरीजों की यह सर्वाधिक संख्या है। पिछले सात महीने में एक दिन में जान गंवाने वालों का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है।

### कोरोना के सक्रिय मामले 16 लाख के पार

स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में सक्रिय मामलों का ग्राफ बहुत तेजी से ऊपर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटों में 1,23,354 कोरोना मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट गए हैं, इसी के साथ देश में अब तक 1,26,71,220 मरीज कोरोना वायरस को मात देने में कामयाब हुए हैं। रोजाना के आधार पर दर्ज होने वाले नए कोरोना केसों की तुलना में ठीक होने वाले मरीजों की संख्या करीब आधे से भी कम है। फिलहाल, देश में सक्रिय मामले बढ़कर 16,79,740 पहुंच गए हैं। बता दें कि कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 15 फरवरी के बाद तेजी से बढ़ी है, 15 फरवरी से पहले देश में दो लाख के करीब सक्रिय मामले थे।

### टीकाकरणः करीब 12 करोड़ लोगों को लगी वैक्सीन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शाम आठ बजे तक 26.14 लाख से अधिक खुराकें दिये जाने के साथ ही देश में दी गई कोविड-19 टीके की खुराकों की संख्या 12 करोड़ के करीब पहुंच गई है। मंत्रालय ने बताया कि कुल 66,689 कोविड टीकाकरण केंद्र (सीवीसी) संचालित हैं। शाम आठ बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार देश में दी गई कोविड-19 टीकों की संख्या 11,97,87,239 है। इनमें 91,04,680 ऐसे स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं, जिन्हें टीके की पहली खुराक दी गई है और 56,69,734 ऐसे स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं जिन्हें दूसरी खुराक दी गई है। इसके अलावा 1,06,58,497 अग्रिम पंक्ति के ऐसे कर्मचारी हैं, जिन्हें पहली खुराक दी जा चुकी है जबकि 52,94,889 अग्रिम पंक्ति के ऐसे कर्मचारी हैं, जिन्हें दूसरी खुराक दी गई है। इसके अलावा, 45 से 60 वर्ष की आयु के 3,96,39,132 और 10,44,958 लाभार्थियों को क्रमशः पहली और दूसरी खुराक दी गई है जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 4,48,99,446 और 34,75,903 लोगों ने क्रमशः पहली और दूसरी खुराक ली है। राष्ट्रव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान के 91वें दिन शुक्रवार की शाम आठ बजे तक कुल 26,14,326 टीके की खुराकें दी गई।

## कोरोना कहर : मोदी ने की कुंभ को 'प्रतीकात्मक' रखने की अपील

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना वायरस से संक्रमण के तेजी से बढ़ते मामलों के मद्देनजर शनिवार को संत समाज से उत्तराखंड के हरिद्वार में चल रहे कुंभ को प्रतीकात्मक रखने की अपील की ताकि इस महामारी के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी जा सके।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर यह जानकारी दी कि उन्होंने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि से फोन पर बात की और इस दौरान संत समाज से उन्होंने यह अपील की। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रार्थना की है कि दो शाही स्नान हो चुके हैं और अब कुंभ को कोरोना के संकट के चलते प्रतीकात्मक ही रखा जाए। इससे इस संकट से लड़ाई को एक ताकत मिलेगी। एक अन्य ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामी अवधेशानंद से बात कर उन्होंने सभी संतों के स्वास्थ्य का हाल जाना। उन्होंने कहा कि सभी संतगण प्रशासन को हर प्रकार का सहयोग कर रहे हैं। मैंने इसके लिए संत जगत का आभार व्यक्त किया। कोविड-19 के कारण एक माह की अवधि के लिए सीमित कर दिए गए महाकुंभ के तीन शाही स्नान-महाशिवरात्रि, सोमवती अमावस्या और बैसाखी हो चुके हैं जबकि रामनवमी के पर्व पर आखिरी शाही स्नान होना है। कुंभ के लिए हरिद्वार पहुंचे साधु-संत और श्रद्धालु खासी संख्या में कोरोना वायरस से संक्रमित हो रहे हैं। आचार्य महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी अवधेशानंद गिरि जी से आज फोन पर बात की। सभी संतों के स्वास्थ्य का हाल जाना। मैंने प्रार्थना की है कि दो शाही स्नान हो चुके हैं और अब कुंभ को कोरोना के संकट के चलते प्रतीकात्मक ही रखा जाए। इससे इस संकट से लड़ाई को एक ताकत मिलेगी।

## 21 अप्रैल को 6 और राफेल विमान आएंगे भारत

### » भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाएंगे राफेल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय वायुसेना की ताकत में और इजाफा होना वाला है, क्योंकि इसी महीने फ्रांस से 6 और राफेल विमान आने वाले हैं। भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल राकेश भदौरिया फ्रांस की यात्रा पर जा रहे हैं, जहां से वह 6 राफेल लड़ाकू विमानों को भारत रवाना करेंगे।

फ्रांस यात्रा के दौरान राकेश भदौरिया 21 अप्रैल को दक्षिण-पश्चिमी फ्रांस के मरिग्नैक-बोर्डो



एयरबेस से छह राफेल लड़ाकू विमानों को हरी झंडी दिखाकर भारत के लिए रवाना करेंगे। ये लड़ाकू जेट पश्चिम बंगाल के हासिमारा में दूसरे राफेल स्क्वाड्रन को सक्रिय करने के लिए मंच तैयार करेंगे। गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना प्रमुख 20 अप्रैल से फ्रांस का दौरा करने वाले हैं, और 23 अप्रैल तक वह फ्रांस में रहेंगे। छह राफेल विमान पहले 28 अप्रैल को भारत के लिए उड़ान भरने वाले थे, लेकिन एयर चीफ मार्शल भदौरिया के यात्रा के आयोजन के बाद इसे एक सप्ताह पहले रख लिया गया। फ्रांस यात्रा के दौरान, एयर चीफ भदौरिया एक फ्रांसीसी राफेल स्क्वाड्रन का दौरा करेंगे, इसके अलावा वह अपने समकक्ष फिलिप लेविने से मुलाकात करेंगे और पेरिस में नव-स्थापित अंतरिक्ष कमान का दौरा भी करेंगे। भारतीय वायुसेना के प्रमुख राकेश भदौरिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर भेजे गए राफेल जेट विमानों के आगमन से भारतीय वायु सेना में राफेल जेट विमानों की संख्या बढ़ जाएगी। इन विमानों के आने बाद वायुसेना को 18 विमानों के साथ अंबाला में 117 गोल्डन एरो स्क्वाड्रन को पूरा करने और 2 चौथे पीढ़ी के प्लस-फाइटर जेट के साथ दूसरा स्क्वाड्रन शुरू करने में सक्षम होगी। वायु सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, छह लड़ाकू विमान अंबाला एयरबेस के लिए उड़ान भरेंगे, जहां से लड़ाकू विमानों को हसीमारा में एक दूसरे स्क्वाड्रन के गठन के लिए फिर से तैयार किया जाएगा।

## भारत में 12 करोड़ लोगों को टीके लगाए गए, नए संक्रमित लोगों में 79 % केवल 10 राज्यों में

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के तहत देश में लगाए गये कोविड-19 टीकों की कुल संख्या शनिवार को 12 करोड़ से अधिक हो गई।

शनिवार तक की अनंतिम रिपोर्ट के अनुसार, 17,37,539 सत्रों के जरिये कुल मिलाकर 11,99,37,641 टीके लगाये जा चुके हैं। इनमें 91,05,429 एचसीडब्ल्यू है, जिन्होंने पहली खुराक ली है तथा 56,70,818 एचसीडब्ल्यू है, जिन्होंने दूसरी खुराक ली है, 1,11,44,069 एफएलडब्ल्यू (पहली खुराक), 54,08,572 (दूसरी खुराक) 60 वर्ष से अधिक आयु के 4,49,35,011 पहली खुराक के लाभार्थी तथा 34,88,257 दूसरी खुराक के लाभार्थी एवं 45 से 60 वर्ष की उम्र के 3,92,23,975 (पहली



खुराक) तथा 9,61,510 (दूसरी खुराक) के लाभार्थी शामिल हैं।

देश में अभी तक लगाये गये कुल टीकों के 59.56 प्रतिशत में 8 राज्यों की भागीदारी है। पिछले 24 घंटों में कोविड के 30 लाख से अधिक टीके लगाये गये। टीकाकरण अभियान के 91वें दिन (16 अप्रैल, 2021) 30,04,544 टीके लगाये गये। इनमें से 22,96,008 लाभार्थियों को 37,817 सत्रों में पहली खुराक के लिए टीके लगाये गये तथा 7,08,536 लाभार्थियों ने टीके की दूसरी खुराक प्राप्त की।

भारत में दैनिक नये मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटों में 2,34,692 नये मामले दर्ज किये गये।

10 राज्यों महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, केरल, गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान में कोविड के दैनिक नये मामलों में बढ़ोत्तरी प्रदर्शित की गई है। नये मामलों के 79.32 प्रतिशत इन्हीं 10 राज्यों से दर्ज किये गये हैं।

महाराष्ट्र ने 63,729 दैनिक नये मामलों के साथ सर्वाधिक संख्या दर्ज कराई है। 27,360 मामलों के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है, जबकि दिल्ली में 19,486 नये मामले दर्ज किये गये हैं।

भारत के कुल सक्रिय मामले 16,79,740 तक पहुंच चुके हैं। यह देश के कुल पॉजिटिव मामलों का 11.56 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में कुल सक्रिय मामलों में 1,09,997 मामलों की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

5 राज्यों महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और केरल में भारत के कुल सक्रिय मामलों में 65.02 प्रतिशत की भागीदारी है। देश के कुल सक्रिय मामलों में अकेले महाराष्ट्र की 38.09 प्रतिशत की भागीदारी है।

भारत में कुल रिकवरी आज 1,26,71,220 हो गई है। राष्ट्रीय रिकवरी दर 87.23 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 1,23,354 रिकवरी दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों में 1,341 मौतें दर्ज की गई। नई मौतों में 10 राज्यों की 85.83 प्रतिशत की भागीदारी है। महाराष्ट्र में सर्वाधिक (398) मौते दर्ज की गई जबकि 141 दैनिक मौतों के साथ दिल्ली का दूसरा स्थान रहा।

## कुंभ में लोगों को आमंत्रित करने वाले विज्ञापन हटाने की मांग

### » सुप्रीम कोर्ट का खटखटाया दरवाजा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उत्तराखंड के हरिद्वार में लगे कुंभ मेले में कई साधुओं के कोरोना संक्रमित होने के बाद वह हॉटस्पॉट बनता जा रहा है. इस बीच इस महामारी के चिंताजनक आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए शनिवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है. दरअसल, एक वकील ने याचिका के जरिए शीर्ष अदालत से अनुरोध किया कि कुंभ को लेकर लोगों को आमंत्रित करने वाले सभी विज्ञापनों को हटाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को तत्काल सख्त निर्देश दिए जाएं.

वहीं, केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अश्विनी कुमार ने सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखकर परिस्थिति से निपटने के लिए स्वतः संज्ञान लेकर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया. कुमार ने भारत के प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र में सभी धार्मिक और राजनीतिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है.

उन्होंने लिखा, 'मानव जीवन पर खतरे की गंभीरता को देखते हुए इस अदालत की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह नागरिकों की जिंदगी की रक्षा और सुरक्षा करे. अदालत स्वतः संज्ञान लेकर केंद्र और राज्यों को राजनीतिक रैलियों, विरोध प्रदर्शनों, धार्मिक और अन्य उत्सवों में 50 से अधिक लोगों के समागम पर स्थिति नियंत्रित होने तक प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी कर सकती है.'

## सरकार, कोविड महामारी से निपटने के लिए चिकित्सा से जुडे बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रही है

### » स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत सरकार के क्रमिक, समय पूर्व और अग्र सक्रिय दृष्टिकोण के अनुरूप, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कोविड-19 के मामलों में हाल ही में आयी तेजी को रोकने और उसके प्रबंधन के लिए राज्यों/केंद्रशासित क्षेत्रों द्वारा किए गए उपायों की समीक्षा के लिए आज 11 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक तीन घंटे से ज्यादा समय तक चली। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश सहित इनराज्यों/केंद्रशासित क्षेत्रों में नए कोविडमामलों में एक अभूतपूर्व तेजी दर्ज की गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक की शुरुआत में नए मामलों में अभूतपूर्व वृद्धि का एक स्नैपशॉट पेश किया। उन्होंने कहा कि 12 अप्रैल, 2021 को भारत में अब तक किसी एक दिन सबसे ज्यादा कोविड मामले सामने आएथे, जो दुनिया में किसी एक दिन के लिहाज से भी उच्चतम संख्या थी। 12 अप्रैल, 2021 को दुनिया भर में कोविड-19 संक्रमण के कुल मामलों में भारत की हिस्सेदारी 22.8प्रतिशत थी। उन्होंने कहा, भारत में वर्तमान में नए कोविडमामलों में सबसे तेज विकास दर 7.6प्रतिशत है, जो जून,2020 में दर्ज की गई 5.5प्रतिशत की विकास दर की तुलना में 1.3 गुना अधिक है। इसके साथसक्रिय मामलों की दैनिक संख्या में खतरनाक वृद्धि देखी जा रही है जो इस समय 16,79,000 है। साथ ही,




मौतों की संख्या में 10.2प्रतिशत की तेज वृद्धि भी हुई है। हर दिन सामने आने वाले नए मामलों और बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या के बीच का बड़ा अंतर यह दिखाता है कि लगातार बढ़ते सक्रिय मामलों के साथ संक्रमण के मामले बीमारी से उबरने के मामलों की तुलना में काफी तेज से बढ़ रहे हैं। सभी 11 राज्य/केंद्रशासित क्षेत्र पहले से हीएक दिन में संक्रमण की अपनी अधिकतम संख्या को पार कर चुके हैं और वहां मुंबई, नागपुर, पुणे, नासिक, ठाणे, लखनऊ, रायपुर, अहमदाबाद और औरंगाबाद जैसे कुछ जिलों में भी यही स्थिति है।

डॉ. हर्षवर्धन ने संकट से निपटने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में भी इसी तेजी से किए जा रहे विकास का उल्लेख करते हुए कहा महामारी की शुरुआत में उपलब्ध सिर्फ एक लैब की तुलना में, अब हमारे पास 2463 लैब हैं जिनकी 15 लाख की संयुक्त दैनिक जांच क्षमता है। पिछले 24 घंटों में की गई 14,95,397 जांचोंके साथ जांचों की कुल संख्या बढ़कर 26,88,06,123 हो गई है। गंभीरता के अनुरूप कोविड-19 का इलाज करने के लिए त्रिस्तरीय स्वास्थ्य ढांचे में अब इस बीमारी के लिए समर्पित 2,084 अस्पताल (जिनमें से 89 केंद्र और बाकी 1,995 राज्यों केअधीनस्थ हैं), समर्पित4,043 स्वास्थ्य केंद्र और समर्पित 12,673देखभाल केंद्र शामिल हैं। कोविड के इलाज के लिए समर्पितअस्पतालों में 4,68,974 बिस्तरों सहित कुल 18,52,265 बिस्तर उपलब्ध हैं। डॉ. हर्षवर्धन नेस्वास्थ्य मंत्रियों को याद दिलाते हुए कहा कि पिछले साल केंद्र ने राज्यों को 34,228 वेंटिलेटर उपलब्ध कराए थे और वेंटिलेटर की नई आपूर्ति का आश्वासन दिया- इनमें से 1,121 वेंटिलेटर महाराष्ट्र को, 1,700 उत्तर प्रदेश को, 1,500 झारखंड, 1,600 गुजरात को, 152 मध्य प्रदेश को और 230 छत्तीसगढ़ को दिए जाएंगे।

डॉ. हर्षवर्धन ने आबादी के प्रत्येक लक्षित वर्ग में टीका लगवाने वाले लाभार्थियों की संख्या बताते हुए टीके की कमी के कथित मुद्दे पर भी चर्चा की। केंद्र द्वारा राज्यों को प्रदान की गई 14 करोड़ 15 लाख खुराकों के मुकाबले अब तक कुल टीकों की खपत (नुकसान सहित) लगभग 12 करोड़ 57 लाख 18 हजार खुराकें हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तमिल अभिनेता विवेक का 59 साल की उम्र में निधन

**चेन्नई (आरएनएस)।** मशहूर तमिल एक्टर विवेक का चेन्नई के अस्पताल में शनिवार सुबह निधन हो गया है। वह 59 साल के थे। विवेक के निधन के मामले में अस्पताल की तरफ से जारी मेडिकल बुलेटिन में जानकारी दी गई है कि तड़के सुबह 4:35 बजे एक्टर का निधन हो गया। एक दिन पहले शुक्रवार को उन्हें सीने में दर्द की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया गया था कि उन्हें 100 प्रतिशत ब्लॉकेज के कारण हार्ट अटैक हुआ। विवेक के निधन की खबर के चलते पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर है। विवेक के निधन के बाद से ही सोशल मीडिया पर फैंस उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दे रहे हैं और उनकी आत्मा की शान्ति की कामना कर रहे हैं। बता दें कि अभिनेता विवेक को उनके परिवार के सदस्य सुबह 11 बजे अचेत अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे थे और दाखिले के फौरन बाद अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञों के दल के जरिए उन्हें फिर से होश में लाया गया। एंजियोप्लास्टी और स्टंट डालने की प्रक्रिया को अपनाया गया क्योंकि एक प्रमुख रक्त वाहिका पूरी तरह अवरुद्ध थी। पद्मपुरस्कार से सम्मानित विवेक ने रजनीकांत, विजय और अजित कुमार समेत कई बड़े तमिल अदाकारों के साथ काम किया है। वह कुछ फिल्मों में मुख्य कलाकार के तौर पर भी नजर आए और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने में भी वह सक्रिय रहे हैं।

### पूर्व सीएम लालू को मिली जमानत, चारा घोटाला मामला

**रांची (आरएनएस)।** बहुचर्चित चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव झारखंड हाईकोर्ट ने शनिवार को जमानत दे दी। जानकारी के अनुसार बिहार के पूर्व सीएम व राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की जमानत पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दुमका कोषागार से अवैध निकासी से जुड़े इस चारा घोटाले में इन्हें जमानत मिली। अब ये जेल से बाहर आ जायेंगे। आपको बता दें कि गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लालू प्रसाद यादव का इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा है। इससे पहले वे रांची के रिम्स में इलाजरत थे।

### 25 साल तक की उम्र के सभी लोगों को लगे टीका : सोनिया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में जारी कोरोना कहर के बीच कांग्रेस की वर्किंग कमेटी की एक अहम बैठक हुई। कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि के बीच शनिवार को मौजूदा हालात पर चर्चा की। इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से यह माना है कि कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई एक राष्ट्रीय चुनौती है, जिसे पार्टी की राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को भी वैक्सीन देने की वकालत करते हुए कहा कि कोविड-19 का टीका 25 साल तक के लोगों को लगाया जाए। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में सोनिया गांधी ने कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर ने देश को बुरी तरह प्रभावित किया है, हमारे पास इससे निपटने की तैयारी के लिए एक साल का समय था, लेकिन हम बिना तैयारी के फिर इसकी चपेट में आ गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि कोविड-19 संकट संबंधी पूर्वानुमान, आकलन और प्रबंधन के संदर्भ में मोदी सरकार ने कोई तैयारी नहीं की। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को टीकाकरण के लिए अपनी प्राथमिकता पर पुनर्विचार करना चाहिए और आयुसीमा को घटाकर 25 साल करना चाहिए। अस्थमा, मधुमेह, किडनी और लीवर संबंधी बीमारियों से पीड़ित सभी युवाओं को टीका लगाया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि टीकाकरण के लिए अभी न्यूतम आयुसीमा 45 साल निर्धारित है। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि सरकार को कोरोना से निपटने के लिए जरूरी चिकित्सा उपकरणों और दवाओं को जीएसटी से मुक्त करना चाहिए तथा कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाने पर गरीबों को प्रति माह छह हजार रुपये की मदद देनी चाहिए। सोनिया ने बड़ी संख्या में लोगों के कोरोना वायरस संक्रमण के चपेट में आने और रोजाना सैकड़ों लोगों की मौत होने पर दुख जताते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में अपना कर्तव्य निभा रहे स्वास्थ्यकर्मियों एवं दूसरे कर्मचारियों को कांग्रेस सलाम करती है।